an>

Title: Need to declare Patan Parliamentary Constituency in Gujarat as a backward region with a view to give impetus to development in the region-Laid.

श्री जगदीश ठाकोर (पाटन): मेरा संसदीय क्षेत्र पाटन गुजरात का एक अत्यंत पिछड़ा इलाका है। यहां पर रोजगार के साधनों के सुअवसर न होने के कारण बेरोजगारों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है तथा लोगों को अपने जीवन यापन हेतु अन्य जिलों, राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है।

मेरे संसदीय क्षेत्र में अधिकांश खेतिहर किसान, मजदूर निवास करते हैं, जो खेती पर निर्भर हैं। सिंचाई के उचित साधनों के अभाव तथा पानी की कमी के कारण मानसून पर निर्भर रहना पड़ता है, जिसका प्रभाव खेती तथा खाद्य पदार्थों के उत्पादन पर पड़ता है, जिससे किसानों की आर्थिक दशा दयनीय है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र पाटन को आर्थिक, शैक्षिक एवं औद्योगिक रूप से इस वित्तीय वर्ष में पिछड़ा क्षेत्र घोषित किया जाये। जिससे यहां पर नई औद्योगिक इकाई स्थापित हों, जिससे गरीब दलित, ओ0बी0सी0, अल्पसंख्यक बेरोजगारों को व्यवसाय के अवसर उपलब्ध हों, जिसका लाभ पाटन जिले के लोगों को मिले।